हैफेड ने लॉन्च किया मल्टीग्रेन आटा, बिस्कुट और नमकीन

चर्चा में क्यों?

22 अगस्त, 2022 को हरियाणा राज्य सहकारी आपूर्ति और विपणन संघ लिमिटेड (हैफेड) ने अपने उपभोक्ता उत्पादों की श्रृंखला का विस्तार करते हुए मल्टीग्रेन आटा, बिस्कुट और नमकीन को लॉन्च किया।

प्रमुख बिंदु

- हैफेड ब्रांड में लॉन्च किये गए उत्पादों में मल्टीग्रेन आटा, बिस्किट की पाँच अलग-अलग किस्में, यानी जीरा, नारियल, आटा-गुड़-सौंफ, नान-खटाई और ड्राई फ्रूट बिस्कुट शामिल हैं। अन्य उत्पादों में छह अलग-अलग प्रकार के नमकीन नामत: पंजाबी तड़का, गुजराती-मिक्स, खट्टा-मीठा, बीकानेरी भुंजिया, मूंगफली पकौड़ा और लहसुन पकौड़ा शामिल हैं।
- हैफेड ने 'मैसर्स चंडीगढ़ स्वीट्स' के माध्यम से हैफेड ब्रांड में बिस्कुट और नमकीन उत्पादों के निर्माण और पैकिंग के लिये हरियाणा डेयरी डेवलपमेंट कोऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड (एचडीडीसीएफ) के साथ गठबंधन किया है (जिसकी प्रमुख हिस्सेदारी हल्दीराम दिल्ली द्वारा ली गई है)।
- इसी तरह, हैफेड ने हैफेड ब्रांड में मल्टीग्रेन आटा के निर्माण और पैकिंग के लिये एक एजेंसी को शामिल किया है। मल्टीग्रेन आटे की मुख्य सामग्री में चना, रागी, जौ, सोयाबीन, मक्का, ज्वार, ओट्स, साइलियम हस्क और श्यामा तुलसी शामिल हैं।
- मल्टीग्रेन आटे की लगभग दस सामग्रियों का अनूठा संयोजन स्वास्थ्य, पाचन और मानव शरीर में रोग-प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिये बहुत फायदेमंद है। हैफेड अपने मौजूदा नेटवर्क हैफेड आउटलेट्स, वितरकों और संस्थानों के नेटवर्क के माध्यम से नए लॉन्च किये गए उपभोक्ता उत्पादों की बिक्री को बढ़ावा देगा।
- इस अवसर पर हैफेड के चेयरमैन कैलाश भगत ने कहा कि हैफेड ने अपनी बिक्री को बढ़ावा देने और मौजूदा प्रतिस्पर्धी बाज़ार में अपने ग्राहक-आधार को व्यापक बनाने के लिये पहल की है। यह बाज़ार में अपने उपभोक्ता उत्पादों के माध्यम से फेडरेशन की समग्र उपस्थिति को और अधिक मज़बूत करेगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/hafed-launches-multigrain-flour,-biscuits-and-namkeen